*ई–मेल
स्पीड पोस्ट/निबंधित डाक

पत्रांक–04/बस स्टैण्ड–07–1/2025 /न०वि०एवंआ०वि०

# बिहार सरकार
# नगर विकास एवं आवास विभाग

प्रेषक,

**राजीव शंकर,**
**सरकार के संयुक्त सचिव,**
नगर विकास एवं आवास विभाग।

सेवा में,

**प्रबंध निदेशक,**
बुडको, बिहार।

पटना, दिनांक–

**विषयः– नगर परिषद, खगड़िया क्षेत्रान्तर्गत बस स्टैण्ड का निर्माण हेतु कुल राशि ₹655.00 लाख (छः करोड़ पचपन लाख रू०) मात्र की योजना की प्रशासनिक स्वीकृति।**

**आदेशः– स्वीकृत।**

नगर परिषद, खगड़िया क्षेत्रान्तर्गत बस स्टैण्ड का निर्माण हेतु प्रबंध निदेशक, बुडको के पत्रांक–478 दिनांक–13.02.2025 द्वारा प्राक्कलन प्रशासनिक स्वीकृति हेतु उपलब्ध कराया गया। उक्त प्राक्कलन का तकनीकी अनुमोदन की राशि ₹655.00 लाख (छः करोड़ पचपन लाख रू०) मात्र है। उक्त योजना दिनांक–24.03.2025 कोयोजना एवं विकास विभाग में आयोजित स्कीम स्क्रीनिंग समिति की बैठक की कार्यवाही ज्ञापांक–597/लो० वि० दिनांक–24.03.2025 द्वारा अनुशंसित है।

2. अतएव प्रबंध निदेशक, बुडको द्वारा किये गये अनुरोध के आलोक में निम्न तालिका के स्तम्भ–3 में अंकित योजना को स्तम्भ–4 में अंकित राशि ₹655.00 लाख (छः करोड़ पचपन लाख रू०) मात्र के अनुमानित लागत व्यय पर प्रशासनिक स्वीकृति निम्नवत् प्रदान की जाती हैः–

**(राशि लाख में)**

| क्र०सं० | नगर निकाय का नाम | योजना का नाम | तकनीकी अनुमोदन की राशि | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि |
|---|---|---|---|---|
| *1* | *2* | *3* | *4* | *5* |
| 1 | नगर परिषद, खगड़िया | नगर परिषद्, खगड़िया में बस स्टैण्ड का निर्माण | 655.00 | 655.00 |

3. नगर परिषद, खगड़िया क्षेत्रान्तर्गत खगड़िया बस स्टैण्ड का निर्माण हेतु योजना की स्वीकृति पर दिनांक–27.03.2025 को सम्पन्न स्थायी वित्त समिति की बैठक की कार्यवाही ज्ञापांक–3418 दिनांक–29.03.2025 द्वारा अनुशंसा एवं माननीय विभागीय मंत्री का अनुमोदन प्राप्त है।

4. (i) योजना का क्रियान्वयन ई–टेंडरिंग के माध्यम से कार्यान्वयन एजेंसी, बुडको द्वारा कराया जाएगा।

(ii) जिला पदाधिकारी, खगड़िया द्वारा समय–समय पर योजना का अनुश्रवण/पर्यवेक्षण/निर्देशन किया जायेगा।

(iii) जिला पदाधिकारी, खगड़िया / कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, खगड़िया यह आश्वस्त हो लेंगें कि इस योजना का दोहरीकरण ना हुआ हो।

**बिहार राज्यपाल के आदेश से,**

ह०/-

**सरकार के संयुक्त सचिव।**

ज्ञापांक-04 / बस स्टैण्ड-07-1 / 2025 466 / न०वि०एवंआ०वि० / पटना, दिनांक-03/3/25

**प्रतिलिपिः-** महालेखाकार, बिहार, पटना / प्रबंध निदेशक, बुडको / प्रमंडलीय आयुक्त, संबंधित प्रमंडल / प्रधान सचिव, योजना एवं विकास विभाग / वित्त विभाग (बजट प्रशाखा) / सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग के आप्त सचिव / माननीय विभागीय मंत्री के आप्त सचिव / स्थानीय लेखा परीक्षक, पटना / जिला पदाधिकारी, खगड़िया / कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, खगड़िया / विभागीय आई०टी० मैनेजर को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं संबंधित नगर निकाय को ई०-मेल करने हेतु / प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा- 02, 06 एवं 04, नगर विकास एवं आवास विभाग को सूचनार्थ एंव आवाश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**सरकार के संयुक्त सचिव।**